# हम किसी से नहीं डरते,अब हमारा देश अलग, हमारी सेना अलग

हुंकार

## रूस के करीब दो लाख सैनिकों से घिरे यूक्रेन के राष्ट्रपति ने भरी हुंकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन शकिसी से नहीं डरता है। उन्होंने यह बयान रूस द्वारा आक्रमण के करीब पहुंचने के संकेतों के बीच दिया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्वी यूक्रेन के अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता देने के साथ–साथ वहां पर अपने सैनिकों की तैनाती करने के आदेश दिए हैं। इस बीच, अमेरिका, मैक्सिको और पांच यूरोपीय देशों के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रात को एक आपात बैठक बुलाई। अपने संबोधन में जेलेंस्की ने कहा, प्यारे लोगों, हम और हमारे देश के पास इतिहास पर लंबे भाषण के लिए वक्त नहीं है। मैं बीते हुए कल ही बात नहीं करूंगा। मैं मौजूदा हकीकत और हमारे भविष्य के बारे में बात करूंगा। यूक्रेन अपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर है और रहेगा, रूसी संघ के



किसी भी बयान या कार्रवाई के बावजूद। हम शांत और आश्वस्त बने हुए हैं। मैं इसके लिए अपने देशवासियों का धन्यवाद देना चाहता हूं।


**यूक्रेन की जनता को दिया धन्यवाद**

उन्होंने कहा, आप एक बार फिर साबित कर रहे हैं कि यूक्रेन एक समझदार और बुद्धिमान देश है। और इन सब चीजों के बावजूद हम ठंडे दिमाग से सोच रहे हैं, शांति और सावधानी से प्रतिक्रिया दे रहे हैं और वयस्कों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। हम हर चीज के लिए तैयार हैं। लेकिन आपके लिए रातभर जागने का कोई कारण नहीं है।श जेलेंस्की ने कहा, आज रात हमने राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद की बैठक की। यूक्रेन रूसी संघ की नवीनतम कार्रवाइयों को हमारे देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन मानता है।

उन्होंने कहा, इन फैसलों की सारी जिम्मेदारी रूस के राजनीतिक नेतृत्व की है। डोनेट्स्क और लुहान्स्क की स्वतंत्रता को मान्यता का अर्थ मिन्स्क समझौते से रूस की एकतरफा वापसी है। एक देश जो 8 साल से युद्ध का समर्थन कर रहा है, वह शांति कायम नहीं कर सकता। मैंने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, जर्मन चांसलर स्कोल्ज, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन, ब्रिटिश प्रधान मंत्री जॉनसन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष मिशेल के साथ स्थिति पर चर्चा की है।

जेलेंस्की ने कहा कि हम शांतिपूर्ण और कूटनीतिक रास्ते के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम इसका पालन करेंगे। हम किसी चीज से किसी से नहीं डरते हैं। हमारा किसी पर कुछ बकाया नहीं है और न ही हम किसी को कुछ देंगे। हमें इस पर यकीन है क्योंकि अब फरवरी 2014 नहीं बल्कि फरवरी 2022 है। हमारा देश अलग है, हमारी सेना अलग है। हमारा एकमात्र लक्ष्य यूक्रेन में शांति ही है।

## न्यूज डायरी



### यूक्रेन पर हमले की चेतावनी देता रह गया अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के दो विद्रोही इलाकों को मान्ह्यता देकर पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। यही नहीं रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क और लुहान्स्की इलाके पहुंच गई है। पुतिन के इस कदम के बाद अब संयुक्त राष्ट्र में आपात बैठक हो रही है। इससे पहले अमेरिका ने यूक्रेन पर रूसी हमले की चेतावनी दी थी लेकिन पुतिन ने करीब दो लाख सैनिक तैनात करने के बाद भी हमला नहीं किया और विद्रोही इलाकों को मान्यता दे दी। विशेषज्ञों के मुताबिक पुतिन के इस दांव से अब नाटो बुरी तरह से फंस गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन का डोनेट्स्क और लुहान्स्की इलाका साल 2014 से ही रूस समर्थक अलगाववादियों के कब्जे में है। इसलिए रूस के मान्यता देने से जमीनी स्तर पर कोई बदलाव नहीं आया है।

### भारत की तरह से रूस को घेर रहा है अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। व्लादिमीरी पुतिन के पूर्वी यूक्रेन में सेना भेजने के बाद अमेरिका समेत पश्चिमी देश रूस के खिलाफ हमलावर हैं। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाई, वहीं नाटो देश अब प्रतिबंध लगाने के विचार कर रहे हैं। इस बीच विशेषज्ञों का कहना है कि पुतिन के लिए यूक्रेन ठीक उसी तरह से है जैसे भारत के लिए उसकी पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान का निर्माण है। उनका कहना है कि अमेरिका ने 198 साल पुराने मुनरो सिद्धांत का पालन करते हुए अपने आसपास एक भी शत्रु राष्ट्र नहीं पैदा होने दिया, वहीं वह खुद रूस के खिलाफ उसके पड़ोसी देश यूक्रेन को अरबों डॉलर का हथियार दे रहा है। यूक्रेन संकट पर रक्षा मामलों के नामचीन विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ट्वीट करके कहते हैं, पुतिन जो कह रहे हैं, वह एक तरह से यह है कि रूस अपनी पश्चिमी और दक्षिणी सीमा पर एक पाकिस्तान के निर्माण को सहन नहीं करेगा। जहां चीन अब वैश्विक ताकत के रूप में अमेरिका की जगह ले रहा है।

### यूक्रेन में भारतीयों की सुरक्षा हो सुनिश्चित, रूस के कदम से तनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। यूक्रेन के पूर्वी विद्रोही इलाके में रूसी सेना के घुसने पर संयुक्त राष्ट्र की आपात बैठक हो रही है। इस बैठक में भारत ने यूक्रेन सीमा पर बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता जताई है। भारत ने कहा कि इन चीजों से क्षेत्र की शांतद्घि और सुरक्षा कमतर हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि टीएस त्रिमूर्ति ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम पर भारत करीबी से नजर बनाए हुए है। भारत ने यूक्रेन में मौजूद भारतीयों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की मांग की। भारत ने कहा कि मिंस्क समझौते के प्रावधानों को लागू करने के लिए व्यापक प्रयास किए जाने की जरूरत है। सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में भारतीय प्रतिनिधि टीएस त्रिमूर्ति ने कहा, श्हम यूक्रेन संबंधी घटनाक्रम और रूस द्वारा इस संबंध में की गई घोषणा पर नजर रखे हुए हैं। रूसी संघ के साथ यूक्रेन की सीमा पर बढ़ता तनाव गंभीर चिंता का विषय है। इन चीजों से क्षेत्र की शांति और सुरक्षा कमतर हो सकती है।

### 23 फरवरी से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पहली रूस यात्रा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। रूस और यूक्रेन के तनाव के बीच पाक प्रधानमंत्री इमरान खान मास्को की यात्रा करने वाले हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान 23–24 फरवरी को रूस का दौरा करेंगे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें रूस ने आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया है और प्रधानमंत्री खान शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय हित के प्रमुख मुद्दों पर बातचीत करेंगे। रूस–यूक्रेन तनाव के बीच होने वाली यात्रा में द्विपक्षीय संबंधों, विशेष रूप से आर्थिक और व्यापार सहयोग पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है। वहीं, रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रविवार को पुष्टि की कि प्रधानमंत्री खान के यात्रा की तैयारियां चल रही हैं।

## बुशरा बीबी के बेटे ने रखी थी शराब, बुरे फंसे इमरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अपनी पत्नी बुशरा बीबी को लेकर बुरे फंस गए हैं। एक तरफ इमरान खान की शादी के टूटने की अटकलें तेज हैं, वहीं अब उनकी पत्नी बुशरा बीबी का बेटा मुहम्मद मूसा मानेका शराब मामले में लपेटे में आ गया है। पाकिस्तान की पुलिस ने बुशरा बीबी के छोटे बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। बुशरा बीबी का यह बेटा उनकी पहले हुई शादी से पैदा हुआ है।

पुलिस ने बुशरा बीबी के बेटे के अलावा उनका एक रिश्तेदार और एक दोस्त के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज किया है। इनके ऊपर कार के अंदर शराब रखने का आरोप है। एफआईआर में कहा गया है कि मुहम्मद मूसा मानेका, रिश्तेदार मोहम्मद अहमद मानेका और एक मित्र अहमद शहरयार के पास से सोमवार को शराब बरामद की गई है।

इन लोगों को एक पुलिस पिकेट को पार करते समय शराब लेकर जाते हुए पकड़ा गया। अस्पताल में जांच के दौरान शहरयार को तो शराब के नशे में पाया गया।

मूसा और अहमद को बाद में मानेका परिवार की ओर से दिए गए निजी गारंटी के आधार पर छोड़ दिया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े जाने के दौरान दोनों ने शराब नहीं पी रखी थी।



## पुतिन की बुराई करने से किया इनकार तो जड़ा मुक्का!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। रूस और यूक्रेन के बीच जारी विवाद का असर अब वहां के टीवी चौनलों पर भी देखने को मिल रहा है। कुछ दिनों पहले यूक्रेन में एक न्यूज चैनल पर टीवी कार्यक्रम के दौरान एक पत्रकार और रूस समर्थक राजनेता के बीच झगड़ा हो गया। पुतिन पर आयोजित डिबेट के दौरान पत्रकार ने राजनेता के चेहरे पर मुक्का मारा और दोनों में मारपीट शुरू हो गई। यह झगड़ा रूस समर्थक पार्टी 'Opposition Platform & For Life' के सांसद नेस्टर शुफ्रीच और पत्रकार यूरी बुटुसोव के बीच हुआ। संभावित हमले के लिए रूसी सैनिकों को सीमा पर इकट्ठा करने के लिए व्लादिमीर पुतिन की निंदा करने से इनकार करने के बाद डिबेट में शामिल राजनेता के साथी गेस्ट ने उन पर हमला कर दिया।

## यूक्रेन पर चीन ने कर दिया खेल, रूस के साथ खड़ा दिखा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संयुक्त राष्ट्र। यूक्रेन में रूसी सेना की घुसपैठ के मुद्दे पर पश्चिमी देश जहां रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं चीन ने खेल कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में चीन ने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की और कहा कि यूक्रेन में तनाव को न भड़काएं। चीन ने अपने बयान में कहीं भी रूस की आलोचना नहीं की। वहीं भारत ने रूस– यूक्रेन सीमा पर बढ़ते तनाव को लेकर 'गहरी चिंता' जताई और कहा कि तनाव को कम करना तात्कालिक प्राथमिकता है। पश्चिमी देशों से उलट भारत ने रूसी कार्रवाई का विरोध नहीं किया।

**सभी संबंधित पक्षों को संयम बरतना चाहिए: चीन**

चीन ने सुरक्षा परिषद में यूक्रेन संकट को लेकर बुलाई गई बैठक में सभी पक्षों से संयम बरतने और यूक्रेन विवाद के राजनयिक समाधान खोजने के हर प्रयास को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। चीन का मानना है कि सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों को हल करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में चीन के राजदूत झांग जून ने यूक्रेन संकट के सभी महत्वपूर्ण पक्षों से 'उचित समाधान तलाशने के लिए बातचीत जारी रखने का आह्वान किया।' रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के तथाकथित 'दोनेत्स्क और लुहान्स्क पीपुल्स रिपब्लिक' की श्स्वतंत्रताश को मान्यता देने के बाद, अमेरिका और छह अन्य देशों के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार रात यूक्रेन विवाद पर आपात बैठक बुलाई थी।

चीन के राजदूत ने अपने सहयोगी रूस की कार्रवाइयों का कोई उल्लेख नहीं किया। उसने केवल इतना कहा, 'सभी संबंधित पक्षों को संयम बरतना चाहिए और ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचना चाहिए जो तनाव को बढ़ा सकती है।' उसने साथ ही कहा, 'राजनयिक समाधान के लिए हर प्रयास का स्वागत करना चाहिए और उसे बढ़ावा देना चाहिए।'

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भीषण सड़क हादसे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पंजाब। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सड़क हादसों के मामले चौकाने वाले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में 995 सड़क यातायात दुर्घटनाओं (आरटीसी) में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 594 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं, जिन्हें देश भर के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं इन दुर्घटनाओं में 1,053 लोगों को हल्की–फुल्की चोटें आई हैं, जबकि 459 नाबालिग घायलों का घटना स्थल पर इलाज किया गया। आंकड़ों के अनुसार, 836 मोटरसाइकिल, 89 आटोरिक्शा, 134 कार, 36 ट्रक 29 वैन, छह यात्री बसें और 114 अन्य प्रकार के आटो वाहन और धीमी गति से चलने वाली गाड़ियां सड़क दुर्घटनाओं में शामिल थीं। देश भर के सड़क दुर्घटनाओं के मामले यकीनन एक बड़ी चिंता का विषय है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया, अब तक कुल सड़क हादसों में, अधिकांश 66 फीसद मामलों में मोटरसाइकिल दुर्घटनाएं शामिल है। देशभर में जगह–जगह पर सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आए हैं।